सितंबर 2022

एम्ब्रिको और क्लिंकर प्लेस स्टॉर्मवाटर उन्नतिकरण

ऑकलैंड काउंसिल का हेल्दी वाटर्स विभाग इलाके में स्टॉर्मवाटर नेटवर्क में उल्लेखनीय सुधार करने के लिए काम कर रहा है, ताकि उसे भविष्य में होने वाली नई घटनाओं से सुरक्षित किया जा सके। एक नया स्टॉर्मवाटर पाइप एम्ब्रिको प्लेस से होते हुए रैंकिन एवेन्यू स्थित क्लिंकर प्लेस विकास स्थल से मनावा वेटलैंड रिजर्व में एक नए मुहाने तक लगभग 550 मीटर की दूरी तय करते हुए जमीन के नीचे चलेगा। कार्य के 2023 के मध्य तक पूरा होने की आशा है।

प्रस्तुत है प्रिंसेस ट्वाइलाइट सुपर वर्म

जैसा कि आप जानते हैं, हमारे ठेकेदार तीन शाफ्टों को स्थापित करने के कार्य में लगे हुए हैं जो हमारी टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) का प्रक्षेपण करेंगे और उसे पुनः प्राप्त करेंगे। इस शीतकाल में नम मौसम के बावजूद, हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं और सितंबर के अंत में टीबीएम को प्रक्षेपित करने की आशा करते है।

आपने हमारे टीबीएम को पहले ही देख लिया होगा जब हमने इसका न्यू लिन किंडरगार्टन के कार पार्क में उत्थान किया था। इस दौरे के समय, जब टीबीएम को भूमिगत अभियान के लिए तैयार किया जा रहा था, बच्चों ने उसका नामकरण किया और अपनी हथेलियों पर रंग लगाकर उसके धातु से बने बाहरी भाग पर छाप लगाई।

बच्चों ने मैट टाइम के दौरान नाम पर मतदान किया और यह कल्पनाशील नया नाम सुझाया: प्रिंसेस ट्वाइलाइट सुपर वर्म।

वे उत्साहित हैं कि प्रिंसेस ट्वाइलाइट सुपर वर्म सीधे उनके जमीन के नीचे सुरंग बनाने जा रही है और वह जब मेलव्यू प्लेस में स्थित शाफ्ट की ओर अपना सफर तय कर रही होगी तब वे उसका अभिवादन करने की योजना बना रहे हैं।

यह पर्चा ऑकलैंड कौंसिल की वेबसाइट पर हिंदी में भी उपलब्ध है – पीडीएफ डाउनलोड करने के लिए www.aucklandcouncil.govt.nz/clinkerplacehw पर जाएं या एक प्रति का अनुरोध करने के लिए clinkerplacehw@aucklandcouncil.govt.nz पर ईमेल करें

本传单的中文版本也可在奥克兰市议会网站下载，访问 www.aucklandcouncil.govt.nz/clinkerplacehw 下载 PDF 文件，或发送邮件至 clinkerplacehw@aucklandcouncil.govt.nz 索取传单

रैंकिन एवेन्यू



रैंकिन एवेन्यू में स्थित शाफ्ट की पूरी तरह से खुदाई की जा रही है और सुरंग बनाने में सहायक उपकरणों और अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना करने की तैयारी का कार्य जारी है।

जब हम सुरंग बनाने का काम प्रारंभ करने के लिए तैयार होंगे, तब जैकिंग फ्रेम और टीबीएम को शाफ्ट के ठोस फर्श पर रखा जाएगा। इसके बाद, बड़े हाइड्रॉलिक रैम टीबीएम को आगे, जमीन में, एम्ब्रिको रिजर्व में स्थित शाफ्ट की ओर धकेलेंगे।

एम्ब्रिको रिजर्व

शाफ्ट की दीवारों को सहारा देने वाले बोर किए गए ठोस स्तंभों के निर्माण का काम पूरा हो गया है।

अब शाफ्ट की सही गहराई तक खुदाई की जाएगी, ताकि प्रिंसेस ट्वाइलाइट सुपर वर्म नवंबर में अपनी यात्रा का पहला चरण पूरा कर सके।

मेलव्यू प्लेस

आर्द्रभूमियों में शाफ्ट और मुहाने वाली खाई की खुदाई करने से पहले तीसरे निर्माण स्थल की स्थापना का काम जारी है।

हम सभी आवश्यक पर्यावरणीय उपकरणों, जैसे गाद की बाड़ और जल उपचार संयंत्रों को स्थापित कर रहे हैं, ताकि सुनिश्चित हो सके कि हमारे काम के पूरा होने तक आर्द्रभूमि संरक्षित बनी रहें।

आर्द्रभूमि में स्थित मार्ग पर पदयात्रियों के लिए दूसरे मार्ग की व्यवस्था की जाएगी। इस बारे में स्पष्ट संकेत बोर्ड लगाए जाएंगे।

मेलव्यू प्लेस स्थल के बाहर एक नया सार्वजनिक पार्किंग क्षेत्र उपलब्ध है।

सामुदायिक कार्यक्रम

हम फिलहाल नवंबर के अंत/दिसंबर की शुरुआत में समुदाय के लिए एक कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी कर रहे हैं। हम कार्यक्रम से कुछ पहले समुदाय को अधिक जानकारी प्रदान करेंगे।

हमसे संपर्क करें

हमारे द्वारा इन कार्यों को पूरा करने के दौरान धैर्य रखने के लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं।

यदि आपको कोई चिंता है, या परियोजना के बारे में अधिक या ताज़ा जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया इस पते पर ईमेल करें: clinkerplacehw@aucklandcouncil.govt.nz.

मदद चाहिए?

aucklandcouncil.govt.nz/clinkerplacehw पर जाएं

फोन: 09 301 0101

ईमेल: clinkerplaceHW@aucklandcouncil.govt.nz